श्री संदीप सौरभ माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–18/02/138 का उत्तर प्रतिवेदन

तारांकित प्रश्न सं०	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री जल संसाधन विभाग, यह बताने की कृपा करेंगें कि:– 1. क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत पालीगंज, और दुल्हिन बाजार प्रखंड में स्थित सोन नहर प्रणाली के 9 नंबर एवं 10 नंबर नहरें कई गाँवों से होकर गुजरती है, जाहाँ उड़ाही के दो साल के भीतर ही झार पौधा उगने तथा कुड़ा कचरा से पानी की प्रवाह अवरूद्ध हो गया है?	आंशिक स्वीकारात्मक।
2. क्या यह सही है कि उक्त नहरों का पक्कीकरण नही होनें से एक ओर जहाँ नहरों के किनारे गंदगी जमा हो रही है वहीं दूसरी ओर इससे नहरों का पानी अंतीम छोर तक नही पहुँच पाता है। जिसे किसानों को सिचाई में कठिनाई का सामना करना पड़ता है 3. यदि उपयुक्त खडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार 9 एवं 10 नबंर नहर का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है नही तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुँचाने में आ रही कठिनाईयों को देखते हुए सोन नहर प्रणाली के प्रश्नगत नहर संख्या–9 (मुरका वितरणी) के पूरे लम्बाई में वित्तीय वर्ष 2024–25 तथा प्रश्नगत नहर संख्या–10 (पालीगंज वितरणी) के 17.2 कि०मी० लंबाई में वित्तीय वर्ष 2023–24 में एवं शेष लंबाई में वित्तीय वर्ष 2024–25 में पुनर्स्थापन कार्य कराया गया है एवं नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुँचाकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रश्नगत वितरणियों में उगे जंगल–झाड़, गाद गंदगी एवं अन्य अवरोधों को मौसमी मजदूरों के सहयता से हटाते हुए अथवा आवश्यकतानुसार संपोषण कार्य करते हुए नहर के अंतिम छोर तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। वर्तमान में उक्त दोनों वितरणियों के पक्कीकरण कराये जाने का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–01 / 2026 पटना / दिनांक ....

प्रतिलिपि :–उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय को तीन प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–01 / 2026 पटना / दिनांक :..

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–01 / 2026 पटना / दिनांक :..

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल–3, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–01 / 2026 960 पटना / दिनांक :16/2/26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/2/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव